KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

कक्षा - 12

भारत: लोग और अर्थव्यवस्था

अध्याय - 8


अंतर्राष्ट्रीय व्यापार

भाग - 4

पंकज वैष्णव

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार

नीचे दिए गए चार विकल्पों में से सही उत्तर को चुनिए।

1. दो देशों के मध्य व्यापार कहलाता है:

(क) अन्तर्देशीय व्यापार

(ख) बाह्य व्यापार


(ग) अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार

(घ) स्थानीय व्यापार

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार



नीचे दिए गए चार विकल्पों में से सही उत्तर को चुनिए।

2. निम्नलिखित में से कौन-सा एक स्थलबद्ध पोताश्रय है?

(क) विशाखापट्टनम

(ख) मुंबई


(ग) एन्नोर

(घ) हल्दिया

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार



नीचे दिए गए चार विकल्पों में से सही उत्तर को चुनिए।

3. भारत का अधिकांश विदेशी व्यापार वहन होता है:

a (क) स्थल और समुद्र द्वारा

b (ख) स्थल और वायु द्वारा

c (ग) समुद्र और वायु द्वारा

d (घ) समुद्र द्वारा

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार

निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर लगभग 30 शब्दों में दें।

1. भारत के विदेशी व्यापार की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

उत्तर : भारत के विदेशी व्यापार की प्रमुख विशेषताएँ:

- देश का अधिकांश विदेशी व्यापार लगभग 35 देशों के बीच होता है, जो विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय समझौतों के आधार पर किया जाता है।
- भारत के व्यापारिक संबंध विश्व के अधिकांश देशों तथा प्रमुख व्यापारिक गुटों के साथ हैं।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार

- भारत का विदेश व्यापार सकल राष्ट्रीय आय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
- वैश्वीकरण तथा विविधीकरण भारत के विदेशी व्यापार की नवीनतम प्रवृत्ति को चिह्नित करते हैं। भारत का विदेश व्यापार अब सीमित या कुछ माल या कुछ देशों तक सीमित नहीं रह गया है। वर्तमान में, भारत लगभग 190 देशों को 7500 वस्तुओं का निर्यात करता है तथा आयात 140 देशों के 6000 सामान है। इसने भारत के विदेशी व्यापार के बदलते पैटर्न का अनावरण किया।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार

- भारत का लगभग 90% अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार समुद्री मार्गों से होता है। भारत में पड़ोसी देशों के साथ-सीमा विवाद और धारातल का उबड़-खाबड़ होने के कारण व्यापार कम होता है। हिमालय पर्वत के कारण भारत के उत्तर सीमा में रेल मार्ग और सड़क मार्ग का विकास नहीं हुआ है। भारत के अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार में समुद्री मार्गों तथा बंदरगाहों का बहुत महत्वपूर्ण स्थान है।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार

2. पत्तन और पोताश्रय में अंतर बताइए।

उत्तर : पत्तन समुद्रतट पर जलपोतों के ठहरने का वह स्थान है जहाँ पर पानी के छोटे-बड़े जहाज़ों में सामान लादने और उतारने की सभी सुविधाएँ होती है। । साथ ही सामान को सुरक्षित रखने के लिए गोदामों की भी सुविधा होती है।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER


अंतर्राष्ट्रीय व्यापार

पत्तन व्यापार के द्वार होते हैं जो अपनी पृष्ठभूमि से सड़कों तथा रेलमार्गों से अच्छी तरह जुड़े होते हैं। जबकि पोताश्रय कटे- फ़टे समुद्र तट तथा खाड़ियों पर प्राकृतिक पोताश्रय स्थल होते हैं। जहाँ समुद्री लहरों एवं तफ़ानों से सुरक्षा प्राप्त करते हैं अथवा कुछ समय आराम करने की दृष्टि से लंगर डाल लेते हैं और अपने गतंव्य की ओर आगे बढ़ जाते हैं।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार



3. पृष्ठप्रदेश के अर्थ को स्पष्ट कीजिए।

उत्तर : पृष्ठप्रदेश किसी पत्तन का वह प्रभाव क्षेत्र होता है जो रेल एवं सड़क मार्गों द्वारा पत्तन से अच्छी तरह जुड़ा होता है। इस क्षेत्र के उत्पाद निर्यात के लिए पत्तन तक भेजे जाते हैं और आयातित सामान विक्रय/ उपभोग के लिए यहाँ वितरित कर दिया जाता है।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार

4. उन महत्वपूर्ण मदों के नाम बताइए जिन्हें भारत विभिन्न देशों से आयात करता है?

उत्तर : भारत विभिन्न देशों से निम्नलिखित चीजें आयात करता है: पेट्रोलियम उत्पाद, गैर-धात्विक खनिज, सोना, चाँदी, रसायन, मशीनरी तथा उपकरण, अलौह धातुएँ, उर्वरक आदि।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार


5. भारत के पूर्वी तट पर स्थित पत्तनों के नाम बताइए।

उत्तर : भारत के पूर्वी तट पर स्थित पत्तनों के नाम:

- पारादीप (ओडिशा)
- हल्दिया (पश्चिम बंगाल)
- कोलकाता (पश्चिम बंगाल)
- विशाखापट्टनम (आंध्रप्रदेश)
- चेन्नई (तमिलनाडु)
- तुतीकोरन (तमिलनाडु)।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 150 शब्दों में दें।

1. भारत में निर्यात और आयात व्यापार के संयोजन का वर्णन कीजिए।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER


अंतर्राष्ट्रीय व्यापार

उत्तर : भारत के विदेशी व्यापार में अनेक वस्तुओं का निर्यात तथा आयात किया जाता है। भारत से निर्यात की वस्तुएँ हैं- कृषि तथा समवर्गी उत्पाद, अयस्क तथा खनिज, विनिर्मित वस्तुएँ, मणि, रत्न, आभूषण, हस्तशिल्प, इलेक्ट्रॉनिक सामान, वस्त्र, कालीन, चमड़े से बने उत्पाद आदि प्रमुख आयातित वस्तुएँ- पेट्रोलियम अपरिष्कृत तथा उत्पाद, गैरधात्विक खनिज, सोना, चाँदी रसायन, मशीनरी तथा उपकरण, कोयला, चिकित्सीय उत्पाद, अलौह धातुएँ, उर्वरक आदि।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार



भारत के आयात तथा निर्यात व्यापार संयोजन को इस दृष्टि से भी आकलन किया जा सकता है कि वर्ष 2004-2005 में भारत का आयात मूल्य 4810.5 अरब रुपये का था जबकि निर्यात मूल्य कुल 3560.5 अरब रुपये मूल्य का था। इस तरह भुगतान संतुलन भारत के पक्ष में नहीं है।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

भुगतान संतुलन

आयात ⟷ निर्यात = अंतर



आयात > निर्यात

आयात < निर्यात

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार

2. भारत के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार की बदलती प्रकृति पर एक टिप्पणी लिखिए।



KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार

उत्तर : भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार की बदलती प्रकृति

- भारत के आयात और निर्यात के मूल्यों में निरंतर अंतर बढ़ता ही जा रहा है जिसे व्यापार संतुलन विपरीत अर्थात् भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रतिकूल है।
- निर्यात की तुलना में आयात में तेजी से वद्धि हुई है। 1950-51 में आयात 608.8 करोड़ रुपये से बढ़कर 2004-05 में 4,81,064 करोड़ रुपये हो गया जबकि निर्यात मूल्य 606.0 करोड़ रुपये से बढ़कर 2004-05 में 356,069.0 करोड़ रुपये और 2006-2007 में 5,63,800.0 करोड़ रुपये हो गया।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार

LPG
(1991)
{ उदारीकरण
निजीकरण
वैश्वीकरण

- विश्व के कुल निर्यात व्यापार में भारत की भागीदारी भी लगातार कम होती जा रही है। 1950 में यह 2.1 प्रतिशत थी परंतु अब घटकर मात्र 1 प्रतिशत रह गयी है। इसके लिए अनेक कारणों को जिम्मेदार माना जाता है।
- भारत का कुल विदेशी व्यापार 1950-51 में 1,214 करोड़ रुपये से बढ़कर 2004-2005 में 8,37,133 करोड़ और 2006-07 में 13,84, 368 करोड़ रुपये हो गया।